मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 41 | अंक : 263 | सोमवार, 15 जनवरी 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play | /ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**12वीं फेल एक्ट्रेस मेधा शंकर ने खोला राज**

## अंबरनाथ में भव्य राम मंदिर की प्रतिकृति

- शिवसेना प्रमुख अरविंद वालेकर ने 20 जनवरी को पूजा, भजन का कार्यक्रम रखा



यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अयोध्या में श्रीराम मंदिर और प्रभु रामचंद्र की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सोमवार 22 जनवरी को होने वाला है. इस पार्श्वभूमि में शिवसेना शहर शाखा द्वारा और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के मार्गदर्शन में शहर प्रमुख अरविंद वालेकर ने शनिवार 20 जनवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज चौक शहर पूर्व में भव्य राममंदिर की प्रतिकृति बनाकर प्रभु रामचंद्र की पूजा और भजन संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया है. इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए अरविंद वालेकर ने एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने मार्गदर्शन भी किया. बैठक में शिवसेना पदाधिकारी, महिला, युवा आघाड़ी, मित्र पक्ष भाजपा के पदाधिकारी, व्यापारी संघ के अध्यक्ष खानजी धल, विविध समाज के प्रतिनिधि, होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे. व्यापारियों की ओर से खानजी धल ने वालेकर का आभार व्यक्त किया और सहकार्य करने की गवाही दी.

इस बैठक में विश्वनाथ पनवेलकर, मनिषा वालेकर, विजय पवार, राजेंद्र वालेकर, एबीसी चैनल के अनिल गायकवाड़, नीता परदेसी, निखिल वालेकर, भाजपा के महेश मोरे, किरण सासे, दिवाकर शेट्टी, रूप सिंह धल, शिवसेना के पूर्व नगरसेवक उपस्थित थे. उपस्थितों ने अरविंद वालेकर की इक श्रद्धापूर्ण कल्पना को सराहा और उन्हें इस कार्य के लिए बधाई दी. सूत्र संचालन विजय पवार ने किया.

# राज्य में अवैध निर्माणों पर हथौड़ा चलाने का मुख्यमंत्री का आदेश

## उल्हासनगर के अवैध निर्माणों पर क्यों नहीं हो कार्रवाई?

## मुख्यमंत्री के आदेश को अनदेखा कर रहा उल्हासनगर महानगर पालिका प्रशासन

- ठाणे में भी अनधिकृत निर्माण और कार्रवाई का उल्हासनगर पैटर्न
- टूटे स्लैब जोड़े और दोबारा बनाए गए
- कार्रवाई में मुश्किलों का पहाड़





**उल्हासनगर-ठाणे.** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य में अनधिकृत निर्माणों पर हथौड़ा चलाने का आदेश दिया है, लेकिन उनके अपने ठाणे शहर में ऐसी कार्रवाइयों पर कई मुश्किलें हैं। अनधिकृत निर्माणों पर तोड़क कार्रवाई करने और कार्रवाई के बाद निर्माणों को दोबारा बनाकर उपयोग में लाने का उल्हासनगर पैटर्न ठाणे शहर में भी सामने आया है। हाल ही में हुई जिला योजना समिति की बैठक में मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने खुद यह बात स्वीकारी है। मुख्यमंत्री के आदेश का पालन ठाणे में तो हो रहा है कि लेकिन उल्हासनगर शहर में इसका कोई पालन नहीं हो रहा है। यहां तो हाईकोर्ट के आदेश की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है। मनपा प्रशासन द्वारा शहर में अवैध टीजी व अवैध आरसीसी को बिंदास पनाह देकर प्रभाग-1,2,3 व 4 में धड़ल्ले से राजनीतिक पक्षों के ठेकेदारों को करोड़पति बनाकर अधिकारी लखपति बन रहे हैं। क्या मुख्यमंत्री शहर में हो रहे अवैध निर्माणों पर विशेष रूप से हथौड़ा चलाने का आदेश देंगे।

वहीं ठाणे मनपा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर संकरी सड़कों और गलियों में ऊंची इमारतें खड़ी की गई हैं। इस अनधिकृत निर्माण को हटाने के लिए पूरे सिस्टम को वहां तक ले जाने में काफी दिक्कत होती है. इसलिए इस स्थान पर अस्थाई रूप से स्लैब को बीच से तोड़कर कार्रवाई की गई है। लेकिन देखने में आया है कि उस जगह पर दोबारा स्लैब बनाए जा रहे हैं. इसके चलते ठाणे शहर में भी खतरनाक इमारतों के स्लैब गिरने की आ शं का व्यक्त की जाने लगी है.



ठाणे मनपा क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन की ओर से विभिन्न उपाय लागू किए जा रहे हैं। इसके तहत पिछले कुछ दिनों से मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर के नेतृत्व में जगह-जगह निर्माण तोड़े जा रहे हैं. यह कार्रवाई मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेश पर की जा रही है. सोमवार को हुई जिला योजना समिति की बैठक में स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने बताया कि जिले में अभी भी कुछ जगहों पर अनाधिकृत निर्माण कायम है. इन सभी निर्माणों पर कार्रवाई की जा रही है. लेकिन इस तोड़ कार्रवाई के दौरान काफी मशक्त करनी पड़ती है। भले ही मुख्यमंत्री शिंदे ने अनधिकृत निर्माणों को ध्वस्त करने का आदेश दिया है, लेकिन अनधिकृत निर्माणों की समस्या अनुत्तरित है.

### क्या है उल्हासनगर पैटर्न ?

उल्हासनगर में 1990 के दशक में तत्कालीन नगर पालिका ने घटिया सामग्री से बनी अनाधिकृत इमारतों पर कार्रवाई करते हुए स्लैब तोड़ दिए थे. लेकिन उन स्लैबों को जोड़ने के बाद उन्होंने उनका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया. पिछले कुछ वर्षों में यही इमारतें ढह गई हैं। इसमें कई लोगों की जान जा चुकी है.

### ठाणे में कार्रवाई जारी

ठाणे में अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए वार्ड स्तर के सहायक आयुक्त नियुक्त किए गए हैं। साथ ही नए निर्माण पर भी पूरी तरह से रोक है. पिछले वर्ष 852 अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और 95 मामले दर्ज किए गए हैं। अनधिकृत निर्माणों को पानी और बिजली की आपूर्ति भी बंद कर दी गई है।

## क्राइम डायरी...

### डीमार्ट से युवक का पर्स व मोबाइल चोरी

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ केबी रोड पर स्थित डीमार्ट में खरीदारी करने आए युवक का मोबाइल व पर्स चोरी हो गया. जिसमें विभिन्न बैंकों के डेबिट व क्रेडिट कार्ड भी थे. कुल 17 हजार 500 रुपए की चोरी की शिकायत अंबरनाथ पुलिस में दर्ज कराई गई है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी प्रितेश आनंद सिंह (32) लालचक्की, स्टेशन रोड, उल्हासनगर-4 में रहते हैं. शनिवार की शाम को वे अंबरनाथ केबी रोड स्थित डी मार्ट में खरीदारी करने गए थे. जहां उनका 10 हजार रुपए कीमत को मोबाइल व पर्स किसी ने चोरी कर लिया. पर्स में 17 हजार 500 रुपए नकद व विविध बैंकों के डेबिट व क्रेडिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य सामान था. कुल 17 हजार 500 रुपए की चोरी हुई है. अंबरनाथ पश्चिम पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक नितिन बेलगे मामले की जांच कर रहे हैं.

### 87 वर्षीय बुजुर्ग के घर से 1 लाख के गहने व नकदी चोरी



**अंबरनाथ.** बाथरूम की खिड़की तोड़कर घर से 1 लाख 3 हजार रुपए के गहने व नकदी चोरी होने की घटना सामने आई है. शिवाजी नगर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रेमचंद वटावटथ मेनन (87) प्लाट नं. 469, भगिनी मंडल स्कूल के सामने, एनएक्स बिल्डिंग, अंबरनाथ पूर्व में रहते हैं. 20 सितंबर 2023 से 12 जनवरी 2024 के दरम्यान उनके बंद घर के बाथरूम की खिड़की तोड़कर अज्ञात चोर घर में घुसा. घर में रखे 3 हजार रुपए कीमत के 6 ग्राम के सोने के झुमके और 1 लाख रुपए नकद चोरी कर ले गया. कुल 1 लाख 3 हजार रुपए की चोरी की शिकायत शिवाजी नगर पुलिस में दर्ज कराई गई है. पुलिस उप निरीक्षक कुंवर मामले की जांच कर रहे हैं.

## अंबरनाथ में रास्ता डामरीकरण व कांक्रीटीकरण का कार्य शुरू



उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** गत कई वर्षों से अंबरनाथ पूर्व में पटेल लो प्राइज से मोतीराम पार्क रिक्शा स्टैंड तक खस्ता हाल सड़क का कांक्रीटीकरण करने का कार्य अरविंद वालेकर ने एवं पश्चिम के बेथेल चर्च के सामने सौदागर कम्पाउंड से ममता अपार्टमेंट की खस्ता सड़क निर्माण कार्य कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक मिलिंद पाटिल ने शुरू किया है.

ये सड़क कई वर्षों से बनी नहीं है. इस रास्ते पर डामरीकरण करके गड्डों को बंद किया गया है. शहर पूर्व में मोतीराम पार्क रिक्शा स्टैंड से सीमेंट कांक्रीट का बनाने के लिए शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर ने भूमिपूजन किया. वालेकर ने बताया कि शहर में 90 प्रतिशत तक की सड़कें कांक्रीटीकरण की बनाई जा चुकी हैं. निनाद करमरकर ने प्रयास से ढाई करोड़ रुपए खर्च करके ये रास्ता बनाया जाएगा. सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की सहायता से एवं अंबरनाथ नपा के माध्यम से ये रास्ता बनाया जा रहा है. ये रास्ता गत 25 वर्षों से खस्ता हाल था. यहां के निवासी एवं रिक्शा चालक इस रास्ते के निर्माण की मांग कर रहे थे, जो पूरी की गई है. शहर पश्चिम में भी बेथल चर्च के सामने का रास्ता कई वर्षों से निर्माण नहीं होने से सड़क एकदम खस्ता हो गई थी. मिलिंद पाटिल के प्रयास से डामरीकरण का कार्य शुरू होने से यहां के निवासियों ने उनका आभार व्यक्त किया है.



# उल्हासनगर मनपा का मनमाना कामकाज

- स्विमिंग पूल और टाउन हॉल की दरें बढ़ाई गई

**उल्हासनगर.** महानगर पालिका द्वारा बीओटी के तहत निजी ठेकेदार को दी जाने वाली स्विमिंग पूल दरें आम आदमी के लिए सस्ती नहीं हैं और उन्हें कम किया जाना चाहिए। ऐसी मांग एक भाजपा नेता ने की है. लेकिन दूसरी ओर, भाजपा नेता के परिवार द्वारा बीओटी सिद्धांत के तहत लिए गए टाउन हॉल की दरें हाल ही में बढ़ा दी गई हैं और ये दरें आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गई हैं. बीजेपी नेताओं के दोहरे रवैये की हर तरफ आलोचना हो रही है.





उल्हासनगर मनपा की कई संपत्तियां निजी ठेकेदारों को बीओटी आधार पर दी गई हैं, जिनमें से एक विराट अंबे क्लब है जो मनपा मुख्यालय के बगल में स्थित है और इस स्थान पर एक स्विमिंग पूल का निर्माण किया गया है। इस स्विमिंग पूल की प्रति घंटा दर 100 रुपये है, जो आम और गरीब नागरिकों और एथलीटों के लिए ज्यादा है।

भाजपा के शहर अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी ने मांग की थी कि दर को घटाकर 50 रुपये प्रति घंटा किया जाना चाहिए। उन्होंने आक्रामक रुख अपनाते हुए मनपा अधिकारियों पर दबाव बनाया, आखिरकार रामचंदानी की मांग के अनुसार स्विमिंग पूल की दरें तय की जाएंगी।

वहीं टाउन हॉल, जो मनपा की संपत्ति है, को बीओटी आधार पर भाजपा विधायक कुमार आयलानी के परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी को दे दिया गया है। कंपनी ने वादा किया था कि टाउन हॉल को शहर के आम नागरिकों को सांस्कृतिक, मनोरंजन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। शैक्षणिक, विवाह समारोह एवं अन्य कार्यक्रम नियम एवं शर्तों के अनुसार उचित मूल्य पर उपलब्ध कराये जा सकते हैं, लेकिन वे विफल रहे हैं।

### मूल्य वृद्धि का विरोध

जब सामाजिक संगठन 'कायद्याने वागा' के अध्यक्ष राज असरोंडकर से टाउन हॉल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शहर में शैक्षिक, सांस्कृतिक, नाटक और कला उद्देश्यों के लिए टाउन हॉल से ही उम्मीद की जा रही थी, लेकिन अचानक ठेकेदार ने 3 हजार से सीधे 25 हजार रुपये कर दर बढ़ा दी, जिसका हमने विरोध किया था, लेकिन मनपा प्रशासन ने हमारी मांग खारिज कर दी है.

### गांजा का सेवन करते युवक पकड़ा गया

**बदलापुर.** बदलापुर पुलिस ने एक युवक को श्मशान भूमि के पास झाड़ियों में गांजे का सेवन करते हुए रंगेहाथ पकड़ा है. पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है.

मिली जानकारी के अनुसार बदलापुर पुलिस ने शनिवार की शाम 7.15 बजे के करीब आरोपी जितेंद्र अशोक वैद्य को रंगे हाथ गांजे का सेवन करते हुए पकड़ा. आरोपी वैद्य कवठ्याची वाड़ी के पास स्थित श्मशान भूमि के बगल में झाड़ियों में गांजे का सेवन कर रहा था. पुलिस सिपाही अंकुश काशिनाथ निरगुड़ा (32) की शिकायत पर बदलापुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट 8 (क) 27 के तहत मामला दर्ज किया है. सहायक पुलिस उप निरीक्षक वी. जे. जगदाले मामले की जांच कर रहे हैं.

## उल्हासनगर4-5 में भी टोइंग बंद करने की मांग



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक कार चालक द्वारा मामूली टक्कर लगने से गुस्साए टोइंग वैन कर्मचारी ने कार चालक की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं उनकी कार का शीशा भी टूट गया है. इस घटना के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुजर ने उल्हासनगर शहर में यातायात नियंत्रण शाखा द्वारा शुरू की गई टोइंग वैन को बंद करने की मांग की है.

उल्हासनगर कैंप-4 स्थित मार्केट में दीपक तिजोरीवाला की वैगनार कार खड़ी थी। इस बीच ट्रैफिक जाम हो गया क्योंकि विपरीत दिशा से आ रही टोइंग वैन वाहनों को उठा रही थीं। एक टोइंग कर्मचारी वैगनर के सामने अवैध रूप से पार्क किए गए दोपहिया वाहन को उठा रहा था, तभी वैगनार कार के मालिक कार हटानी चाही, जो टोइंग कर्मचारी के पैर पर चढ़ गई. यातायात शाखा के पुलिस निरीक्षक सुधाकर खोत का कहना है कि चूंकि वैगनार की खिड़कियां बंद थीं, इसलिए युवक ने शीशे पर जोर से प्रहार किया, जिससे वैगनर कार का शीशा टूट गया.

लेकिन इसके बाद वैगनार कार के मालिक और व्यापारियों का टोइंग स्टाफ से झगड़ा हो गया. इस घटना के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुजर ने उल्हासनगर शहर में यातायात नियंत्रण शाखा द्वारा शुरू की गई टोइंग वैन को बंद करने की मांग की है.

शहर यातायात शाखा को लिखे पत्र में गुजर ने कहा कि सरकार ने कैंप नंबर एक से तीन के क्षेत्र में टोइंग वैन का संचालन बंद कर दिया है. लेकिन ये ऑपरेशन कैंप नंबर चार और पांच में चल रहा है. एक ही शहर में दो तरह के नियम कैसे लागू किये जा सकते हैं? विकास गुजर ने सिटी ट्रैफिक कंट्रोल ब्रांच से शहर में टोइंग वैन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है.

## आशेले गांव में बाइक पार्किंग को लेकर मारपीट

**उल्हासनगर.** आशेले गांव में बाइक खड़ा करने को लेकर आरोपी ने फिर्यादी के साथ मारपीट की व ईंट से सर पर मारकर घायल कर दिया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गणेश मारुति भंडारे (47) रुक्मिणी नगर, गोपिका चाल, आशेले गांव, उल्हासनगर-4 में रहते हैं.

शनिवार की दोपहर में जब वे काम से वापस घर लौटे थे, तब उसके घर के सामने आरोपी विशाल (पूरा नाम पता नहीं) अपनी बाइक लेकर खड़ा था. इस पर गणेश ने उससे कहा कि अपनी बाइक बाजू में खड़ी कर, मुझे सबेरे जल्दी उठकर काम पर जाना होता है. इस पर आरोपी विशाल नाराज हो गया और गाली गलौज करने लगा.

विवाद बढ़ने पर उसने ईंट उठाकर गणेश के सर पर मारकर उसे घायल कर दिया. हिललाइन पुलिस ने भादंसं की धारा 324, 504 के तहत अपराध दर्ज किया है. सहायक पुलिस उप निरीक्षक दुखंडे मामले की जांच कर रहे हैं.

## बोर्ड मराठी में लगाने को लेकर व्यापारियों को नोटिस

- मनपा प्रशासन एक्शन मोड पर
- 26 जनवरी तक का अल्टीमेटम





**उल्हासनगर.** मराठी बोर्ड को लेकर उल्हासनगर मनपा प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। मनपा के अधिकारियों ने व्यापारियों को नोटिस जारी किया है कि सभी व्यापारी 26 जनवरी तक मराठी में बोर्ड लगाएं, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी. साथ ही मनपा ने यह भी चुनौती दी है कि ट्रेंड लाइसेंस तुरंत वापस लिया जाए क्योंकि यह सभी व्यापारियों के लिए अनिवार्य है.

महाराष्ट्र में कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले के मुताबिक सभी दुकानों और दफ्तरों पर साइनबोर्ड प्रमुखता से मराठी में लिखे जाने चाहिए. इसके लिए उल्हासनगर मनपा में व्यापारियों, अधिकारियों और मनसे के पदाधिकारियों के साथ दो बैठकें भी की गईं।

### मराठी में बोर्ड लगाने का वादा

इस समय व्यापारियों ने वादा किया कि वे 26 जनवरी तक सभी बोर्ड मराठी में लगा देंगे. लेकिन अभी तक व्यापारी किसी भी तरह का प्रयास करते नजर नहीं आ रहे हैं, आखिरकार मनपा ने नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है. 26 जनवरी तक मराठी में बोर्ड लगाएं, नहीं तो कार्रवाई होगी.

### ट्रेड लाइसेंस आवश्यक

उल्हासनगर शहर में 40 हजार से अधिक व्यावसायिक दुकानें हैं। लेकिन उनके पास महानगर पासिका से ट्रेंड लाइसेंस नहीं है. दो बैठकों के बाद भी व्यापारी मराठी में बोर्ड नहीं लगा रहे हैं और व्यापार लाइसेंस जारी नहीं कर रहे हैं, आखिरकार महानगर पालिका की टीम ने बाजार निरीक्षक विनोद केनी के साथ दुकानों के आसपास घूमना शुरू कर दिया है और दुकानों को नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है। मनपा की ओर से विनोद केने ने चुनौती दी है कि जल्द से जल्द व्यापारियों से मराठी नेम प्लेट और बिजनेस लाइसेंस वापस लिए जाएं.

# निविदा प्रक्रिया में भ्रष्टाचार विधायक ने लगाया आरोप

- विधायक किणीकर ने की चीफ इंजीनियर से शिकायत
- संबंधित अधिकारियों की जांच की मांग

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर सार्वजनिक बांधकाम विभाग के अंतर्गत आने वाली अंबरनाथ से कात्रप बदलापुर सड़क की निविदा प्रक्रिया में इंजीनियरों द्वारा मनमाने ढंग से नियम और शर्तों को पूरा नहीं करने वाले राज्य के बाहर के ठेकेदार को शामिल कर भ्रष्ट आचरण करने का आरोप लगाया है. चूंकि इस मामले में सरकार के राजस्व का नुकसान हो रहा है, इसलिए किणीकर ने सार्वजनिक बांधकाम विभाग के मुख्य अभियंता से संबंधित अधिकारियों की जांच कर उनके खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध किया है.



उल्हासनगर में सरकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। अब इसमें विधायक का आरोप जुड़ गया है. विधायक बालाजी किणीकर ने सार्वजनिक बांधकाम विभाग के मुख्य अभियंता को दिए गए पत्र में शिवकृपा डेवलपर्स पर उंगली उठाई गई है. उनके पास निविदा के नियम और शर्तों के अनुसार उचित दस्तावेज नहीं होने के बावजूद उसे पात्र घोषित किया गया है. शिवकृपा डेवलपर्स ने अपनी कंक्रीट पेवर मशीन के स्वामित्व के दस्तावेज भी जमा नहीं किए हैं। इस दौरान सार्वजनिक बांधकाम विभाग के इंजीनियरों ने तकनीकी दस्तावेजों की जांच में एम. सी. चंदनानी कंपनी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अन्य कंपनियों को अयोग्य घोषित किया है और शिवकृपा डेवलपर्स जो अयोग्य है उसे योग्य बनाया गया है। ऐसा आरोप किणीकर ने लगाया है.

### चार कंपनियां अयोग्य घोषित

पिछले महीने, सार्वजनिक बाधकाम विभाग ने अंबरनाथ से कात्रप-बदलापुर तक राज्य राजमार्ग संख्या 80 के ढाई किलोमीटर के कंक्रीटिंग के लिए एक निविदा जारी की थी। इस टेंडर प्रक्रिया में अजवानी इन्फ्रास्ट्रक्चर, जयभारत कन्स्ट्रक्शन, क्षत्रिय इन्फ्रास्ट्रक्चर, एम.सी. चंदनानी कन्स्ट्रक्शन, साई सिद्धनाथ कन्स्ट्रक्शन एवं शिवकृपा डेव्हलपर्स ने भाग लिया। इनमें से एमसी चंदनानी कंस्ट्रक्शन और शिवकृपा डेवलपर्स के अलावा 4 अन्य कंपनियों को अयोग्य घोषित कर दिया गया।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### सेना का सही आकार

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा है कि सेना को सही आकार देने की एक योजना रक्षा मंत्रालय (एमओडी) को सौंपी गई है। 15 जनवरी को पड़ने वाले सेना दिवस से पहले उन्होंने कहा, 'हमारे पास 2027 तक अपनी ताकत को अनुकूलित करने की योजना है। हम 1 लाख सैनिकों द्वारा अनुकूलन हासिल करेंगे।' रोडमैप में ब्रिटिश युग को अनुकूलित करना या चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना भी शामिल है इकाइयाँ जिन्हें अब अनावश्यक माना जाता है। उदाहरण के लिए, जनरल पांडे ने पशु परिवहन इकाइयों के सही आकार का उल्लेख किया है, जिन्हें ड्रोन और ऑल-टेरेन वाहनों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है। यह कदम भारतीय सेना को उपनिवेश से मुक्त करने के चल रहे प्रयासों का भी हिस्सा है। अपनी साल के अंत की समीक्षा (2023) में रक्षा मंत्रालय ने कहा थाः 'वैश्विक रुझानों और अधिकार संबंधी पहलों को देखते हुए, भारतीय सेना शॉर्ट सर्विस कमीशन को और अधिक आकर्षक बनाने का प्रयास कर रही है।' ऐसा लगता है कि गुणवत्ता की तुलना में गुणवत्ता पर अधिक जोर दिया जा रहा है। मात्रा।

जनशक्ति को अनुकूलित करने के लिए बल का पुनर्गठन, युक्तिसंगत बनाना और पुनर्संगठित करना आवश्यक है। एकीकृत ट्राइसर्विस कमांड के प्रस्तावित निर्माण में रक्षा बलों को आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार करने के लिए ऐसे हस्तक्षेपों की भी परिकल्पना की गई है। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की मौजूदा भारी तैनाती को देखते हुए, सही 'दांत से पूंछ' अनुपात ढूंढना एक बड़ी चुनौती है। भारतीय सैनिक चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर परिचालन तैयारियों की 'बहुत उच्च स्थिति' बनाए हुए हैं।

सही आकार देने की कवायद सावधानीपूर्वक और व्यावहारिक रूप से की जानी चाहिए ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा पर कोई समझौता न हो। क्या खर्च करने योग्य है और क्या नहीं, इसके बीच स्पष्ट अंतर करना होगा। प्राथमिक विचार एक दुबली और संयमित सेना बनाना होना चाहिए जो दुश्मन से अधिक प्रभावी ढंग से निपट सके। मुख्यतः व्यय कम करने के लिए बदलाव करना उचित नहीं है। सेनाओं को समसामयिक और भविष्य के युद्ध के लिए बेहतर ढंग से तैयार करने के लिए त्रिसेवाओं के लंबे समय से विलंबित एकीकरण को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी संगठनों पर नकेल कसने की जरूरत

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी संगठनों को पाकिस्तान का प्रश्रय छिपी बात नहीं है। इसके अनेक प्रमाण न केवल पाकिस्तान को सौंपे जा चुके हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उन्हें रखा गया है। मगर पाकिस्तान के रवैए में जरा भी बदलाव नजर नहीं आता। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय सेना की सख्ती, सतत सघन तलाशी और सीमा पर कड़ी चौकसी से आतंकी घुसपैठ में कमी आई है।

सीमा पार से आने वाले हथियारों और वित्तीय मदद पर रोक लगी है। मगर कुछ इलाकों में वह अपनी पैठ बनाने में कामयाब देखा जा रहा है। इसी का नतीजा है कि कश्मीर के पुंछ और राजौरी इलाके में पिछले दिनों आतंकवादी हमले बढ़े हैं। यह बात सेना दिवस पर भारतीय सेना प्रमुख ने भी स्वीकार की। मगर पिछले कुछ वर्षों में आतंकवादियों ने जिस तरह अपनी रणनीति बदली है और वे घात लगा कर सुरक्षाबलों पर हमला करते देखे जा रहे हैं, वह ज्यादा चिंता की बात है।

उनके हमलों की प्रकृति और उनमें इस्तेमाल हुए हथियारों आदि को देखते हुए स्पष्ट है कि दहशतगर्द सुरक्षाबलों को न केवल चकमा देने में सफल रहे हैं, बल्कि अधिक मारक हथियारों का इस्तेमाल करने लगे हैं। अगर इसके लिए उन्हें पाकिस्तान से मदद मिल पा रही है, तो उस पर लगाम लगाने के क्या उपाय हो सकते हैं, इस पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है।

समुद्र में मिला वायुसेना के विमान का मलबा, आठ साल



पहले हो गया था लापता, इस तरह मिली जानकारी

घाटी में दहशतगर्दों को मदद पहुंचाने वालों पर नकेल कसने की हर कोशिश की गई है। हुर्रियत जैसे अलगाववादी संगठनों के नेताओं को सलाखों के पीछे डाला और उनके संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उनके बैंक खाते बंद कर दिए गए। घाटी में जहां से भी आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद पहुंच सकती है, उन सब पर अंकुश लगाने के प्रयास हुए हैं।

पाकिस्तान के साथ सड़क मार्ग से होने वाली तिजारत लंबे समय से बंद है। इस तरह उधर से आने वाली हथियारों आदि की खेप रुक गई है। इसके बावजूद अगर आतंकवादी न केवल घाटी में सक्रिय हैं, बल्कि थोड़े-थोड़े समय बाद सुरक्षाबलों को चुनौती पेश कर देते हैं, तो स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि उनसे पार पाने की पुख्ता रणनीति क्यों नहीं बनाई जा पा रही।

इस हकीकत से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि अब भी स्थानीय लोगों में दहशतगर्दों को पनाह देने की प्रवृत्ति समाप्त नहीं हुई है। अनेक शैक्षणिक संगठनों और प्रतिष्ठानों में छानबीन के बाद मिले तथ्यों से स्पष्ट है कि स्थानीय युवाओं का आतंकी संगठनों के प्रति आकर्षण कम नहीं हुआ है।

आतंकवाद किसी भी देश और समाज की तरक्की के लिए बहुत बड़ी बाधा होता है। निस्संदेह उस पर काबू पाने के लिए सेना की चौकसी अनिवार्य है। मगर यह भी सही है कि केवल सेना के सहारे इस समस्या पर काबू नहीं पाया जा सकता। इसके लिए राजनीतिक प्रयास भी जरूरी हैं। सब जानते हैं कि पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ, भारत में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देते रहे हैं। वहां का राजनीतिक नेतृत्व भी इसे अपने लिए मुफीद पाता है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक स्तर पर शांति प्रयास लंबे समय से रुके हुए हैं। ऐसे में भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसके खिलाफ दहशतगर्दी के सबूत पेश करता रहा है। मगर चीन जैसे उसके समर्थक देश ऐसे सबूतों को बहुत गंभीरता से नहीं लेते। जरूरत है कि घाटी में स्थानीय लोगों का भरोसा जीता और पाकिस्तान पर दहशतगर्दों को पनाह देने से रोकने का दबाव बनाया जाए।





जब हम ध्यानाभ्यास करते हैं, तो हम अपने आसपास के लोगों को शांति व खुशी प्रदान करने का जरिया बन जाते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# राम से जय श्रीराम तक के राम

राम का अतीत इतना व्यापक और विस्तारित है कि उस पर समझ और संज्ञान की सीमाएं हैं। उन्हें चिन्हित करना बहुत दूर की कोड़ी है। भारतीय समाज में राम उस वट-वृक्ष की तरह है जिसकी छत्रछाया में भक्त, आलोचक, आम, खास, आराधक, विरोधक, सम्बोधक सबके सब न जाने कितने सालों से एक साथ चले आ रहे हैं। 'राम' भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे चहेता चेहरा है। उनमें निर्गुणों का, सगुणों का सबका समान हिस्सा है। ब्रह्मवादी उनमें ब्रह्म स्वरूप को देखते हैं। निर्गुणवादियों के लिए आत्मा ही राम है। अवतारवादियों के वे अवतार हैं।

वैदिक साहित्य में उनका विचित्र रूप है। बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। वाल्मीकि के राम कितने निरपेक्ष हैं देखते ही बनता है। तुलसी के राम भारतीय जनमानस में बसे राम हैं, यहां सबके घट-घट में सजे राम हैं। राम ही हैं जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। भारतीय समाज के लिए तो सम्मान का सम्बोधन ही 'राम-राम' हो जाता है। यह अकारण नहीं है जो सब कुछ राममय हो गया है। यहां हर घर का बड़ा बेटा राम हो जाता है जो आज्ञाकारी है, त्यागी है, सेवाभाव वाला है। आदर्श शासक सबको राम सरीखा नजर आता है। यहां तक कि रामराज्य आदर्श



व्यवस्थाओं के आग्रह का आवशयक आधार बन जाता है।

राम भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा हैं। तुलसी के राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत संतुलित राम हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में एक-एक मर्यादा की पालना की, समाज के सम्मुख आदर्श रखे। पुत्र, पिता, भाई, पति, राजा, मित्र तमाम स्वरूपों में मानवीय भावनाओं के संतुलक राम सिर्फ भारत के ही आदर्श नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श रूप में अनुकरणीय है। भगवान राम का जीवन आम जीवन से जुड़ा जीवन है, वह चमत्कृत नहीं सबको आकर्षित करता है।

पत्नी के अपहरण पर भी समाज से सहयोग मांगा और संघर्ष किया। तो उसे वापस पाने के लिए मिल बैठकर नीति बनाई। लंका जाने के लिए एक-एक पत्थर जोड़कर पुल बनाया। एक कुशल प्रबन्धक की तरह लौटे तो पूरी सेना के साथ लौटे, एक साम्राज्य निर्माण की आकांक्षा से लबरेज रामराज की कामना के साथ। राम अगम है सगुण हैं निर्गुण है। कहत कबीरं "निर्गुण राम जपहुं रे भाई।"

राम के चरित्र में पग-पग पर मर्यादा है, त्याग है, प्रेम है और लोक व्यवहार का साक्षात्कार है। राम मानवता में मथे महापुरुष हैं। राम लोकतंत्र के लोकपाल हैं, सबके प्रेरक हैं और समाज के सह-निर्माता हैं। राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव तभी संभव हो भी पाया। राम से भारतीय समाज सदैव सार्थकता पाता रहा है। भारत का आम जन-जीवन युगों-युगों से राम के दृष्टिकोण के साथ जीवन के संदर्भों-स्थितियों-परिस्थितियों-मनःस्थितियों-घटनाओं-प्रतिघटनाओं और प्रघटनाओं को मूल्यांकित करता रहा है।

राम भारतीय समाज की वैचारिक थाती है। राम भारतीय संस्कृति की सतत प्रवाहमान धारा हैं। उनके उग्र स्वरूप के चित्रण में वैसा प्रभाव नहीं है जैसा उनकी सौम्यता में समाया हुआ है। राम बहुत सहज, सौम्य और सम्मोहक है। इसलिए वह सर्वत्र है, सबके है और सब उनके है। रहीम खान-ए-खाना कहते है कि' रामचरित मानस हिन्दुओं के लिए ही नहीं मुसलमानों के लिए भी आदर्श है। 'तभी उन्होंने लिखा 'रामचरित मानस विमल, संतन जीवन प्रान, हिन्दुअन को वेद सम, तुरकहिं प्रगट कुरान।'

### जरा हट के

# साइकिल से ऑस्ट्रेलिया तक का सफर!

एक बात तो सच है कि सोशल मीडिया आने के बाद लोग वायरल होने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं. कोई रेलवे स्टेशनों पर डांस कर रहा है, तो कोई मीम बना रहा है, कोई चुटकुले सुना रहा है. पर कुछ लोग एक कदम आगे जाकर ऐसे चैलेंज को पूरा कर रहे हैं, जिसके बारे में जानकर लोग हैरान हो जा रहे हैं. एक व्यक्ति ने ऐसे ही एक चैलेंज को अपनाते हुए भारत से ऑस्ट्रेलिया तक का सफर तय करने की ठानी है. पर हैरानी की बात ये है कि व्यक्ति साइकिल के जरिए इस सफर को पूरा करेगा.



इंस्टाग्राम यूजर @jerrychoudhary एक ट्रैवल व्लॉगर हैं. उनके अकाउंट डीटेल के मुताबिक वो दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़े हैं. इन दिनों वो एक मजेदार साइकिल यात्रा पर हैं. दरअसल, वो भारत से साइकिल के जरिए ऑस्ट्रेलिया (India to Australia by cycle) जा रहे हैं. उन्होंने खुद को ये अनोखा चैलेंज दिया है, और अब देखना ये है कि वो कब तक ऑस्ट्रेलिया पहुंचेंगे. वो सोशल मीडिया पर अपनी जर्नी से जुड़े वीडियोज पोस्ट करते रहते हैं.

वायरल हो रहे उनके वीडियोज में वो उन जगहों के बारे में बताते हैं, जहां पर वो यात्रा कर रहे हैं. जब वो एक देश से दूसरे देश में जाते हैं तो फ्लाइट का इस्तेमाल करते हैं और अपनी साइकिल को पैक कर के ले जाते हैं. फिर नए देश में वो साइकिल चलाकर सफर करते हैं. हाल ही में वो वियतनाम में हैं. 12 जनवरी 2024 को उन्होंने एक वीडियो बनाया जिसमें वो साइकलिंग करते नजर आ रहे हैं. इस वीडियो में वो बताते हैं कि वियतनाम की करेंसी, भारतीय मुद्रा की तुलना में कितनी कम है. साथ ही वो एक बीच पर भी जाते हैं.

#### वीडियोज हो रहे हैं वायरल

उनके वीडियोज को लोगों का बहुत प्यार मिल रहा है. एक वीडियो को 86 लाख व्यूज मिल चुके हैं. ये 6 जनवरी का वीडियो है. वो कंबोडिया से वियतनाम में प्रवेश करते दिख रहे हैं.

इस वीडियो पर कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक ने पूछा कि साइकिल से वो समुंदर कैसे पार करता है, तो कुछ लोगों ने जवाब में कहा कि शिप से पार करता होगा. एक शख्स ने कहा कि जेरी पैसों के साथ समय और ऊर्जा भी बर्बाद कर रहे हैं.

# दिखना चाहते हैं उम्र से भी ज्यादा युवा?

हम सभी की उम्र लगातार बढ़ रही है और जैसे-जैसे उम्र बढ़ रही है, वैसे-वैसे चेहरा ही नहीं, बल्कि शरीर के बाकी हिस्से पर भी बढ़ती उम्र का असर दिखाई देने लगता है। जैसे-जैसे उम्र चालीस, पचास और उससे अधिक होती है, उसका असर चेहरे पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगता है। मांसपेशियां कमजोर पड़ने लगतीं हैं और यहां तक कि सजगता, शक्ति और फुर्ती भी कमतर हो जाती है। यह उम्र बढ़ने की प्राकृतिक प्रक्रिया है।

#### ■ नियमित व्यायाम की आदत

व्यायाम न करने से मसल्स आप जितना सोचते हैं उससे कहीं अधिक तेजी से शिथिल और कमजोर पड़ने लगती है। शिथिलता की इस प्रक्रिया का मुकाबला करने में व्यायाम मदद करता है क्योंकि ये रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है और आपके मसल्स को बेहतर, तना हुआ और मजबूत रखता है। यह आपके दिल को भी फिट रखता है। आपके मस्तिष्क को ऑक्सीजन की आपूर्ति करता है। तनाव के स्तर को कम करने में मदद करता है और एंडोर्फिन्स, डोपामाइन जैसे हेल्दी रसायन उत्पन्न करता है।

अपने को फिट रखने के लिए आपको बिना गैप के नियमित व्यायाम करना चाहिए। यदि आप कम उम्र से व्यायाम करना शुरू करते हैं तो यह कारगर होता है, लेकिन यदि आप व्यायाम करने वाले प्रवृत्ति के नहीं हैं, तो चिंता न करें, आप अब से शुरू कर सकते हैं।

#### ■ अच्छी नींद जरूरी

आपको पता होना चाहिए कि शरीर को कितनी नींद की जरूरत है और सुनिश्चित करें कि आपको डेली रूटीन में सोने के लिए उतने घंटे जरूर मिलें। रोजाना 7 से 8 घंटे सोना सभी के लिए जरूरी है। संभव हो दोपहर में लगभग 20



मिनट झपकी लेने की कोशिश करें। यह आपके मसल्स और दिमाग को आराम देने में बहुत मदद करता है।

यदि आपके काम में नियमित सफर शामिल है, तो आपको नींद की कमी होना स्वाभाविक है। इसके बारे में चिंता न करें। हां, इस बात का ध्यान रखें कि सफर में आप रोजाना कितनी नींद ले रहे हैं।

#### ■ स्वस्थ आहार का करें सेवन

स्वस्थ, संतुलित और पौष्टिक आहार, इस सिद्धांत का तीसरा और उतना ही अहम हिस्सा है। स्वस्थ आहार के लिए अपने विवेक का प्रयोग करें या किसी विशेषज्ञ से सलाह लें। मसल्स के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और हड्डियों के लिए



कैल्शियम लेना जरूरी है। डाइट्री सप्लीमेंट्स भी उपयोगी होते हैं और आवश्यकता पड़ने पर इन्हें भी लें, हालांकि इसके लिए किसी डॉक्टर या डाइटिशियन से सलाह ले लें।

संक्षेप में, नियमित रूप से ₹अच्छा व्यायाम, अच्छी नींद और अच्छा आहार₹ लें। यह आपके शरीर पर गुरुत्व के नकारात्मक प्रभावों को कम करने का मूलमंत्र है।

#### ■ दिमाग को स्वस्थ रखने पर दें ध्यान

आप उतने ही युवा दिखते हैं जितना आप सोचते हैं। सिर्फ इसलिए कि आपकी उम्र बढ़ रही है, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि आप खुद को बूढ़ा समझने लगें और सुस्त हो जाएं। आपकी उम्र चाहे जो भी हो, स्वस्थ शरीर और मेंटल मेकअप के जरिए आप अपने व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं।

सुबह और शाम 15 मिनट का ध्यान करना बेहतर है। आप इसे घर पर या कहीं और भी कर सकते हैं, बशर्ते ध्यान करते समय आपका ध्यान-भंग न हो। स्वाभाविक रूप से, ध्यान करते समय आपको अपना सेल फोन दूर या साइलेंट मोड पर रखना चाहिए।

इसके अलावा सकारात्मक सोच आपको मानसिक रूप से स्वस्थ और आत्म-प्रेरित रखने के लिए अहम है। क्रोध या ईर्ष्या जैसे नकारात्मक विचार के अनावश्यक बोझ को दूर फेंकना, बाहरी कारकों को दोष दिए बिना अपनी असफलताओं को स्वीकार करना और उनसे सीखना, दयालु और मददगार बनना, जैसे कुछ तरीके हैं जिनसे आप अपने और अपने आस-पास सकारात्मक माहौल बनाने में मदद कर सकते हैं।

# तिल की बर्फी




तिल से बनी चीजों का बहुत बड़ा महत्व माना गया है। लोग इस दिन तिल से बनी चीजें घर आए मेहमानों को खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाते हैं। अगर आप भी अपने त्योहार में तिल की गर्मी और मिठास भरना चाहते हैं तो ट्राई करें तिल की बर्फी बनाने के लिए ये आसान टिप्स। ये टिप्स ना सिर्फ टेस्टी बर्फी बनाने में मदद करते हैं बल्कि बनाने में भी आसान हैं। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं कैसे बनाई जाती है टेस्टी तिल की बर्फी।

#### सामग्री–

- 1 कप क्रीम
- 1 कप मिल्क पाउडर
- 3/4 कप तिल
- 1/2 कप चीनी
- 1/6 छोटा चम्मच हरी इलायची पाउडर

#### बनाने का तरीका–

तिल की बर्फी बनाने के लिए मीडियम आंच पर तिल को सुनहरा होने तक भूनने के बाद उसे 5 मिनट बाद निकालकर अलग रख लें। अब एक नॉन स्टिक पैन में



हैवी क्रीम और मिल्क पाउडर डालकर अच्छी तरह मिक्स करें।इसे मध्यम से तेज आंच पर पकाएं। इस मिश्रण में बुलबुले उठने तक लगातार हिलाते रहें। इसके बाद आंच को मीडियम करके कड़ाही के किनारों और तले को तब तक लगातार चलाते रहें,जब तक मिश्रण गाढ़े पेस्ट में ना बदलकर एक साथ आने लगे।

ध्यान रखें ऐसा होने में कम से कम 10 मिनट लगेंगे। अब इस पेस्ट में भुने हुए तिल डालकर अच्छी तरह मिलाकर तब तक चलाते रहें जब तक मिश्रण नरम आटे जैसा न हो जाए। इसके बाद आंच को कम करके उसमें चीनी और इलायची पाउडर डालकर अच्छे से मिलाएं। चीनी मिलाने से मिश्रण सॉफ्ट हो जायेगा। इसके बाद बर्फी के मिश्रण को घी लगी हुई थाली में कम से कम एक इंच मोटी लेयर में फैला लें। इसे कमरे के तापमान पर 2 घंटे के लिए रहने दें। अब बर्फी को अपनी मनचाहे आकार में काट लें। आपकी तिल बर्फी बनकर तैयार है।

# सर्दियों में खजूर खाने से मिलते हैं ये गजब के फायदे

## सर्दी-खांसी से लेकर कब्ज की समस्या होती है दूर



सर्दियों में लोग अक्सर अपनी डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करना पसंद करते हैं, जिनकी तासीर खाने में गर्म होती है। ऐसी ही सेहतमंद चीजों में खजूर का भी नाम शामिल है। खजूर को उसके हीलिंग गुणों के लिए जाना जाता है। इसे डाइट में शामिल करने से व्यक्ति कई रोगों से दूर रहने के साथ ऊर्जावान भी महसूस करता है। खजूर में आयरन, कैल्शियम, मिनरल, फ्रॉसफोरस,अमिनो एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो सर्दी-जुकाम से लेकर कब्ज और एनीमिया जैसी समस्याओं में भी राहत देने का काम करते हैं। आइए जानते हैं सर्दियों में खजूर खाने से सेहत को मिलते हैं क्या फायदे।

#### ■ सर्दियों में खजूर खाने के फायदे-

#### ■ एनीमिया की समस्या करें दूर

खजूर का सेवन करने से हीमोग्लोबिन का लेवल आसानी से बढ़ाया जा सकता है। जिन लोगों के शरीर में आयरन की कमी होती है, उन्हें खजूर का नियमित सेवन करने की सलाह दी जाती है।

#### ■ सर्दी–जुकाम में राहत

खजूर की तासीर गर्म होती है। सर्दियों में खजूर का नियमित सेवन व्यक्ति को सर्दी-जुकाम की समस्या से दूर रखता है। ठंड में सर्दी-जुकाम होना आम बात है। ऐसे में रोजाना दूध में 2-3 खजूर मिलाकर पीने से सर्दी-जुकाम में राहत मिलती है।

#### ■ कब्ज

खजूर का सेवन करने से पाचन तंत्र दुरुस्त बना रहता है। जिससे व्यक्ति को कब्ज की शिकायत नहीं होती है। खजूर में पर्याप्त मात्रा में फाइबर पाया जाता है,जो कब्ज की समस्या से निजात दिलाने के साथ पेट की ऐंठन,मरोड़,लूज मोशन को ठीक करने में मदद करता है।

#### ■ हड्डियों की सेहत

सर्दियों में घुटने का दर्द काफी बढ़ जाता है। ऐसे में रोजाना खजूर का सेवन करने से इस समस्या में कुछ हद तक फायदा मिल सकता है। खजूर में काफी मात्रा में सेलेनियम,मैंगनीज,कॉपर और मैग्नीशियम मौजूद होते हैं। ये सभी पोषक तत्व हड्डियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों को रोकने के लिए जरूरी माने जाते हैं।

#### ■ प्रोटीन से भरपूर

खजूर में प्रोटीन काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है,जो हमारी मांसपेशियों को मजबूत बनाए रखने में मदद कर सकता है। कई बार जिम लवर भी नेचुरल प्रोटीन और मिठास हासिल करने के लिए खजूर को अपने डाइट में शामिल करते हैं।

# छिले लहसुन महीनों नहीं होंगे खराब बस ऐसे करें स्टोर

- छीले लहसुन को स्टोर करने के लिए बस इन छोटे स्टेप को फॉलो करें। इससे महीनों तक लहसुन खराब नहीं होंगे।
- सबसे पहले अच्छे क्वालिटी के लहसुन मार्केट से ले आएं। जो बिल्कुल फ्रेश हों और जरा भी खराब ना हों।
- इन सारे लहसुन को छीलकर रख लें।
- इन लहसुन को एक दिन धूप में सुखा लें। जिससे कि ऊपर का मॉइश्चर खत्म हो जाए।
- फिर किसी टिश्यू पेपर पर लहसुन को रखकर पोछें। जिससे कि सारे लहसुनों पर से मॉइश्चर हट जाए।
- अब किसी कांच के जार में कागज के टिश्यू पेपर को नीचे बिछाएं। फिर इसके ऊपर अच्छी तरह से छीले-सूखे लहसुनों को भर दें।
- एयर टाइट ढक्कन बंद करें और फ्रिज में रख दें। महीनों तक इस तरह से छिले लहसुन खराब नही होंगे और फ्रेश बने रहेंगे।
- बस जब सब्जी या किसी डिश में लहसुन डालना हो तो निकालकर इस्तेमाल करें।



#### कटे लहसुन को ऐसे करें स्टोर

अगर गलती से ज्यादा लहसुन काट लिया है या उसे पीस लिया है तो ऐसे लहसुन को स्टोर करने के लिए केवल एयर टाइट टिफिन या डिब्बे का इस्तेमाल करें। बस लहसुन को रखकर फ्रिज या फ्रीजर में स्टोर कर दें।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। नए विचार दिमाग में आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**वृषभ** : व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। दूसरे आपसे अधिक की अपेक्षा करेंगे। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन** : निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। लाभ होगा। पराक्रम वृद्धि होगी।

**कर्क** : घर में अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह बने रहेंगे। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आलस्य हावी रहेगा। प्रमाद न करें। विवेक का प्रयोग करें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।

**सिंह** : निवेश मनोनकूल रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी कार्य के प्रति चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कन्या** : व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति की बातों में न आएं।

**तुला** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। कोई बड़ा काम करने की इच्छा जागृत होगी। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक** : मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। थकान रहेगी। किसी कार्य की चिंता रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**धनु** : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें।

**मकर** : हंसी-मजाक में हल्कापन न हो, ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। कीमती वस्तुएं इधर-उधर हो सकती हैं, संभालकर रखें। यात्रा में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। पुराना रोग उभर सकता है।

**कुंभ** : नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। धनहानि की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्थिति अनुकूल बनेगी।

**मीन** : आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में रुतबा बढ़ेगा। स्वास्थ्य में राहत मिलेगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### मां की यह बात सुनते ही कलयुगी बेटे ने खोया आपा, लोहे से पीट-पीटकर की हत्या

**अंबेडकरनगर.** अंबेडकरनगर से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक मां का कहना बेटे को इस कदर नागवार गुजरा कि उसने पीट-पीटकर मां को मौत के घाट उतार किया। दरअसल मां द्वारा चारा डालने के लिए कहने पर 25 साल बेटे ने अपने 45 साल मां की लोहे की फुंकनी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। ये घटना महरुआ थाना क्षेत्र के खजूरडीह गांव का है। रविवार की सुबह करीब 9 बजे 45 वर्षीय सोना देवी घर में खाना बना रही थीं इसी बीच उसने अपने बेटे नीरज से कहा कि वह जाकर जानवरों को चारा डाल दे। लेकिन नीरज ने इस बात से भड़क गया और विरोध करने लगा। इस पर मां ने उसे डांट दिया। जिससे नाराज होकर नीरज ने चूल्हे के पास रखी लोहे की फुंकनी से मां सोना देवी के सिर पर अंधा-धुंध प्रहार करने लगा। सोना देवी को गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### चंदा मांग रहे किसान नेता की हत्या, हिस्ट्रीशीटर ने तलवार और कट्टे से उतारा मौत के घाट

**उन्नाव.** राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियों के बीच किसान नेता को जयश्रीरा का नारा लगाना भारी पड़ गया। जय श्रीराम का नारा लगाने पर हिस्ट्रीशीटर ने हमला कर दिया, जिससे किसान नेता की मौत हो गई। यह घटना तब घटी जब किसान नेता सुबह अपने भाई के साथ जय श्री राम के नारे लगाते हुए चंदा मांग रहे थे, लेकिन गोताखोर मोहल्ले में रहने वाले हिस्ट्रीशीटर काले खान को ये नहीं भाया। काले खान तुरंत घर से तलवार और कट्टा निकाल कर लाया और किसान नेता और उसके भाई पर धावा बोल दिया। हिस्ट्रीशीटर के हमले से किसान नेता की मौके पर ही मौत हो गई जबकि किसान नेता का छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। वही फायरिंग होने से क्षेत्र में दहशत फैल गई घटना की सूचना पर गंगा घाट कोतवाली मौके पर पहुंचकर पड़ताल की।

### शाहजहांपुर में हादसा, कार और ट्रैक्टर ट्राली में भीषण टक्कर, 3 की मौत

**शाहजहांपुर.** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर के थाना पुवायां क्षेत्र में घने कोहरे के चलते कार और ट्रैक्टर ट्राली में भीषण टक्कर हो गई है जिसमें एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने रविवार को यूनीवार्ता से बताया कि थाना पुवाया क्षेत्र के बंडा रोड पर बाईपास के पास शनिवार रात घने कोहरे के चलते तेज रफ्तार कार ने आगे जा रही ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी।

इस हादसे में कार पर सवार बंडा निवासी मयंक तिवारी (38), बबलू (42) और रेनू (30) की मौत हो गई है। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और कार सवार लोगों को अस्पताल भेजा जहां सभी को मृत घोषित कर दिया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# I.N.D.I.A में सीट शेयरिंग पर फंसा है पेंच

**नई दिल्ली.** विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A में सीट शेयरिंग समेत गठबंधन के अध्यक्ष और संयोजक पद पर भी असमंजस की स्थिति है। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार 13 जनवरी को हुई वर्चुअल मीटिंग में चेयरपर्सन के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर सहमति बनी, लेकिन संयोजक के नाम पर फैसला नहीं हो सका। मीटिंग के बाद NCP प्रमुख शरद पवार ने कहा, 'हमारे बीच चर्चा हुई कि हम जल्द सीट शेयरिंग पर फैसला लेंगे।'

JDU भी सीट शेयरिंग में हो रही देरी से नाराज है। पार्टी के महासचिव और मुख्य प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा, 'हमारी चिंताएं हैं कि सीट शेयरिंग जल्दी हो और जॉइंट कैंपेन होना चाहिए। चुनाव में मुश्किल से दो महीने बचे हैं और अभी सीट शेयरिंग भी नहीं हुई। यह बहुत बड़ी प्रॉब्लम है। हालांकि, NDA में भी सीट शेयरिंग नहीं हुई है, लेकिन BJP का संगठन, जनशक्ति और धनशक्ति काफी मजबूत है।'

### पंजाबः कांग्रेस का 8 सीटों पर दावा, लेकिन AAP राजी नहीं

पंजाब में लोकसभा की 13 सीटें हैं। आम आदमी पार्टी के चीफ अरविंद केजरीवाल ने दिसंबर में भटिंडा में एक रैली के दौरान लोगों से AAP को सभी 13 सीटें जिताने की अपील की थी। जाहिर है कि AAP का दावा पंजाब की सभी 13 सीटों पर है। अभी 13 में से 8 सीटों पर कांग्रेस के सांसद हैं। कांग्रेस इन 8 सीटों पर दावा कर रही है। पंजाब में सरकार बनाने के बाद आम आदमी पार्टी कांग्रेस को इतनी सीटें देने के लिए तैयार नहीं है।

### दिल्लीः सीट शेयरिंग पर सहमति बनी, AAP 4 और कांग्रेस 3 सीटों पर लड़ सकती हैं

दिल्ली में AAP और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। कांग्रेस ने दिल्ली में 5 सीटों की डिमांड की थी, लेकिन AAP के 4 और कांग्रेस के 3 सीटों पर लड़ने के संभावित फॉर्मूले पर दोनों पार्टियां राजी हैं।




### महाराष्ट्रः कांग्रेस 20 सीटों पर अड़ी, शिवसेना को भी इतनी ही सीटें चाहिए

महाराष्ट्र को लेकर भी कांग्रेस की **NCP** (शरद गुट) और शिवसेना (**UBT**) के साथ बैठक हो चुकी है। शिवसेना 23 और **NCP** 10 सीटों की मांग कर रही हैं, जबकि कांग्रेस 20 से कम सीटों पर चुनाव लड़ने के पक्ष में नहीं है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस 20, शिवसेना 20, **NCP** 6, वंचित बहुजन अघाड़ी एक और स्वाभिमानी पक्ष एक सीट के संभावित फॉर्मूले पर चुनाव लड़ सकते हैं।

### यूपीः कांग्रेस 20-25 सीटें चाहती है, सपा 10 सीटें दे रही

यूपी में सीट शेयरिंग के मुद्दे पर शुक्रवार 12 जनवरी को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की बैठक होनी थी। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, यूपी को लेकर पार्टी का रोड मैप क्लीयर नहीं था, इस वजह से मीटिंग टालनी पड़ी। कांग्रेस यूपी में 20-25 सीटों पर लड़ना चाहती है, जबकि सपा 10 से ज्यादा सीट नहीं देना चाहती। सपा खुद कम से कम 60 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है और अपनी सहयोगी RLD को 5 सीट दिलाना चाहती है। ऐसी स्थिति में यूपी में कांग्रेस के लिए 15 सीटें ही बचेंगी।

### बिहारः JDU ने कांग्रेस को 4 सीटें देने का प्रस्ताव रखा, कांग्रेस 8-10 सीटें मांग रही

बिहार में सीटों के बंटवारे पर हुई बैठक में JDU ने RJD-JDU को 17-17, कांग्रेस को 4 और लेफ्ट पार्टियों को 2 सीट दिए जाने का प्रस्ताव रखा। हालांकि, कांग्रेस बिहार में 8-10 सीटें मांग रही है।

सूत्रों के मुताबिक, JDU-RJD को 16-16, कांग्रेस को 6 और लेफ्ट दलों को 2 सीट दिए जाने के संभावित फॉर्मूले पर सहमति बन सकती है। हालांकि, कांग्रेस नीतीश के I.N.D.I.A गठबंधन से अलग होने की आशंकाओं को भी नकार नहीं रही। इस स्थिति में कांग्रेस, RJD और लेफ्ट दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी।

### पश्चिम बंगालः कांग्रेस को चाहिए 6 सीटें, ममता 2 से ज्यादा देने को तैयार नहीं

राज्य में लोकसभा की 42 सीटें हैं, जिनमें से कांग्रेस 6 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। मुख्यमंत्री और TMC सुप्रीमो ममता बनर्जी कांग्रेस को 2 सीटों से ज्यादा देने को तैयार नहीं हैं। पश्चिम बंगाल में फिलहाल सीट शेयरिंग का कोई फॉर्मूला बनता नहीं दिख रहा। यही वजह है कि ममता बनर्जी I.N.D.I.A गठबंधन से दूरी बनाते दिख रही हैं। फिलहाल कांग्रेस और TMC में सीटों के बंटवारे पर कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई है।

## 32 साल पहले आज ही के दिन अयोध्या पहुंचे थे नरेंद्र मोदी

- 'जय श्री राम' के खूब लगे थे नारे

**अयोध्या.** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समारोह के मुख्य अतिथि हैं। उन्होंने इसके लिए 11 दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत कर दी है। वह इस दौरान सात्विक जीवन जीएंगे। राम मंदिर आंदोलन में भारतीय जनता पार्टी काफी मुखर रही है। अपने घोषणा पत्र में भी इसे लगातार शामिल करती आई है।



इतिहास के पन्नों को अगर पलटाकर देखें तो करीब 32 साल पहले आज ही के दिन नरेंद्र मोदी अयोध्या में राम मंदिर वाले स्थल पहर पहुंचे थे। वह कन्याकुमारी से कश्मीर तक एकता का संदेश देने के लिए एकता यात्रा पर थे।

नरेंद्र मोदी जब अयोध्या पहुंचे थे तब उन्होंने 'जय श्री राम' के नारों के बीच कसम खाई कि राम मंदिर बनने पर ही वह यहां वापस आएंगे। हुआ भी ठीक वैसा ही। राम मंदिर का शिलान्यास उन्हें के कर कमलों से हुआ था। अब प्राण प्रतिष्ठा की बारी है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए मणिपुर पहुंचे राहुल

- दिल्ली में कोहरे के चलते फ्लाइट लेट हुई थी

**इंफाल.** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज यानी 14 जनवरी से मणिपुर के थौबल से शुरू होने वाली है। राहुल गांधी, अशोक गहलोत, दिग्विजय सिंह, सचिन पायलट समेत कांग्रेस के कई बड़े नेता इंफाल पहुंच गए हैं।

सभी लोग रविवार सुबह दिल्ली से एक फ्लाइट में मणिपुर के लिए रवाना हुए थे। घने कोहरे के चलते उनकी फ्लाइट में देरी हुई। फ्लाइट में कांग्रेस नेताओं ने नारा लगाया- न्याय का हक, मिलने तक। मणिपुर में यात्रा की शुरुआत पहले इंफाल से होने वाली थी, लेकिन बाद में जगह बदलकर 34 किलोमीटर दूर थौबल कर दी गई। कांग्रेस सीनियर लीडर जयराम रमेश ने कहा कि इंफाल आने के बाद राहुल गांधी सबसे पहले खोंगजोम युद्ध स्मारक जाएंगे। इस युद्ध स्मारक का महत्व सिर्फ मणिपुर ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे।




### राहुल 6 हजार किमी से ज्यादा का सफर करेंगे

20 मार्च को खत्म होने वाली यात्रा 15 राज्य और 110 जिलों के 337 विधानसभा सीटों को कवर करेगी। इस दौरान राहुल गांधी बस से और पैदल 6 हजार 713 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करेंगे। यह मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए महाराष्ट्र में खत्म होगी।

## राममंदिर के इंजीनियर बोले-22 से पहले पूरा कर लेंगे काम

- चंपत राय और अरुण गोविल की मुलाकात
- गुजरात और राजस्थान से पैदल चलकर अयोध्या पहुंचे युवक

**अयोध्या.** भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से रामलला के लिए सिंहासन और 21KG चांदी के 31 खड़ाऊ आए हैं। इसे वहां से आए भक्तों ने राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को कारसेवकपुरम में सौंपा। इस दौरान चंपत राय ने कहा कि हम सब आप लोगों की अपार श्रद्धा को नमन करते हैं।

इधर, सीएम योगी अयोध्या पहुंच गए हैं। यहां उन्होंने लता मंगेशकर चौक पर झाड़ू लगाई। कूड़ा भी उठाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 500 वर्षों बाद प्रभु राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। देश और दुनिया के लोग दर्शन के लिए आतुर हैं। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम यहीं रहकर इसका अवलोकन कर रहे हैं। ऐसे में हमारी कुछ जिम्मेदारी बनती है, जैसे अयोध्या को स्वच्छ और सुंदर बनाना।



अयोध्या के कारसेवकपुरम् में चंपत राय और अरुण गोविल की मुलाकात।

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में लगे इंजीनियर अश्वनी अग्रवाल ने कहा, 22 जनवरी से पहले निर्माण कार्य पूरा कर लेंगे। 200 से ज्यादा मूर्तियां तैयार कर ली गई हैं। बड़ी संख्या में देवी देवताओं की भी मूर्तियां बनाई गई हैं। भगवान राम से जुड़ी हुई तमाम यादें बनाई गई हैं। जटायु जामवंत जैसी मूर्तियां भी स्थापित की गई हैं।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और रामायण सीरियल में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले कारसेवकपुरम् में मुलाकात हुई। इस दौरान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अनेक बिंदुओं पर चर्चा की।

गुजरात और राजस्थान से पैदल चलकर दो युवक अयोध्या पहुंचे। राजस्थान के अलवर से आए कृष्ण कुमार ने बताया कि उन्होंने 16 दिन में अपनी यात्रा पूरी की। वहीं, गुजरात से आए पंकज मालवीय 34 दिन में 1400 किलोमीटर की यात्रा पूरी करके अयोध्या पहुंचे। इन लोगों ने बताया कि यात्रा के दौरान कोई कष्ट नहीं हुआ।

## गुजरात में काइट-फेस्टिवल, जयपुर में पतंगों से श्रृंगार

**नई दिल्ली.** देशभर में आज मकर संक्रांति का उत्सव मनाया जा रहा है। कुछ लोग इसे कल भी मनाएंगे। यह त्योहार दक्षिण भारत में पोंगल, मकर विलक्कु और पेड्डा पांडुया, उत्तर भारत में मकर संक्रांति, लोहिड़ी और देव डोली, मध्य भारत में उत्तरायण, पूर्व में बिहू के नाम से मनाया जा रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में पोंगल त्योहार में शामिल हुए। उन्होंने गुड़ और चावल से भगवान सूर्य का प्रसाद बनाया और गाय की पूजा की। यहां उन्होंने तमिल समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पोंगल का पर्व 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की राष्ट्रभावना को दर्शाता है।

वहीं, गुजरात में उत्तरायण के अवसर पर इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल मनाया जा रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में रविवार को जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और पतंग उड़ाई।

राजस्थान के जयपुर में आराध्य देव गोविंददेव जी का मकर संक्रांति के मौके पर पतंगों से श्रृंगार किया गया। इसके अलावा वाराणसी, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के गंगासागर में लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। देशभर के मंदिरों में भाजपा ने आज से सफाई अभियान की शुरुआत की है।

### सेना का ऑपरेशन सर्वशक्ति

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ाने के पाकिस्तान के मंसूबों को विफल करने के मकसद से भारतीय सेना ने ऑपरेशन सर्वशक्ति की शुरुआत की है। इसमें भारतीय सेना पीर पांजाल माउंटेन रेंज के दोनों साइड सक्रिय आतंकियों का खात्मा करेगी। इस ऑपरेशन को उधमपुर में सेना हेडक्वार्टर और सेना की उत्तरी कमान की कड़ी निगरानी में शुरू किया गया है।

## अंगीठी जलाकर सो रहे 6 लोगों की मौत

**नई दिल्ली.** उत्तर भारत के राज्यों में रविवार (14 जनवरी) की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। दिल्ली में अंगीठी जलाकर सोए 6 लोगों की मौत हो गई। इसमें 4 एक ही परिवार के हैं। कई इलाकों में जीरो विजिबिलिटी दर्ज की गई। मिनिमम टेम्परेचर 3.5°C रहा।

कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 22 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। सुबह 4.30 से 7 बजे के बीच 7 फ्लाइट्स को जयपुर और एक फ्लाइट को मुंबई डाइवर्ट किया गया। चेन्नई में भी तीन इंटरनेशनल फ्लाइट डाइवर्ट की गईं।

इस सीजन में पहली बार दिल्ली के पालम, सफदरजंग, राजस्थान के श्रीगंगानगर, पंजाब के पटियाला, हरियाणा के अंबाला, चंडीगढ़, यूपी के बरेली, लखनऊ, बहराइच, वाराणसी, प्रयागराज और असम के तेजपुर में जीरो विजिबिलिटी रही।

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश में आने वाले 3 दिनों तक शीतलहर के कारण कड़ाके की ठंड रहेगी। यूपी के 19 जिलों में सीवियर कोल्ड डे, 54 जिलों में घना कोहरा और 33 जिलों में बर्फीली हवाएं चलने और पाला पड़ने का अलर्ट जारी है। मेरठ में पारा 3°C रिकॉर्ड किया गया।

## इंग्लैंड सीरीज में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे केएल राहुल

- स्पेशलिस्ट बैटर के रूप में टेस्ट खेलेंगे
- भरत या जुरेल को मिल सकता है मौका




भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज में केएल राहुल विकेट कीपिंग नहीं करेंगे। उन्हें प्लेइंग इलेवन में बतौर बैटर ही शामिल किया जा सकता है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 25 जनवरी से शुरू हो रही है। सीरीज के पहले दो मुकाबलों के लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है।

टीम में केएल राहुल सहित दो विकेट कीपर केएस भरत और ध्रुव जुरेल को जगह दी गई है। रिपोर्ट्स की मानें तो केएल राहुल इस सीरीज में बतौर बल्लेबाज खेलेंगे और भारतीय टीम एक स्पेशलिस्ट विकेटकीपर के साथ उतरेगी।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने BCCI सूत्रों के हवाले से लिखा है कि केएल राहुल को विकेटकीपर की भूमिका केएल साउथ अफ्रीका दौरे के लिए ही थी। सूत्रों ने बताया कि राहुल अब बतौर बैटिंग स्पेशलिस्ट टीम में खेलेंगे। विदेशी पिच पर केवल तेज गेंदबाजों के सामने विकेट कीपिंग करनी पड़ती है।

भारतीय पिचों पर विकेट कीपिंग करना कठिन होता है, क्योंकि घरेलू पिच स्पिन के अनुकूल होती है। यहां के पिचों पर गेंद तेजी से उछाल लेने के साथ ही घूम सकती है। ऐसे में यहां एक स्पेशलिस्ट विकेटकीपर की जरूरत होती है। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में एक कीपिंग के लिए स्पेशलिस्ट को ही लिया जाएगा।

सूत्र ने कहा, राहुल बतौर बल्लेबाज हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। उनसे कीपिंग करा कर हम कोई रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। विकेट के पीछे चोटिल होने की संभावना ज्यादा है। ऐसे में उन्हें इस भूमिका से दूर ही रखा जाएगा। उन्होंने पिछले साल जून में जांघ का भी ऑपरेशन करवाई है। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में कीपिंग भूमिका से उन्हें दूर रखा जाएगा। हमारे पास टीम में भरत और जुरेल स्पेशलिस्ट हैं।

## इंडियन आर्म्ड फोर्स दुनिया की बेस्ट फोर्स में से एक

### IAF चीफ वीआर चौधरी बोले- हमें विदेशी मदद पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली.** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि इंडियन आर्म्ड फोर्स दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है। युद्ध की अनगिनत चुनौतियों का सामना करने के लिए बदलते समय के साथ इंडियन आर्म्ड फोर्स में भी बदलाव आया है।



वीआर चौधरी ने यह बात रविवार (14 जनवरी) को दिल्ली कैंट के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 8वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस कार्यक्रम में कही है।

उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों के नेतृत्व और दूरदर्शिता ने ही आज की आर्म्ड फोर्स की नींव रखी थी। आज का दिन उन सभी पूर्व सैनिकों याद करने का भी दिन है, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन लोगों के परिवारों के साथ हैं।

इस कार्यक्रम में नेवी चीफ एडमिरल आर हरि कुमार के साथ-साथ तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी और रिटायर्ड सैनिक अपने परिवार के सदस्यों के साथ शामिल हुए।

### इंडियन एयरफोर्स ने तैयार किए 60 हजार मेक इन इंडिया कंपोनेंट

शनिवार (13 जनवरी) को एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा था कि बीते दो-तीन सालों में इंडियन एयरफोर्स ने 60 हजार से अधिक मेक इन इंडिया कंपोनेंट तैयार किए हैं। हमारी एयरफोर्स को अब रिपेयरिंग और रखरखाव के लिए विदेशों से आने वाले ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स के भरोसे रहने की जरूरत नहीं है।

### एंटोनोव एएन-32 का मलबा मिलने पर क्या बोले एयर चीफ मार्शल?

शुक्रवार (12 जनवरी) को रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि 22 जुलाई 2016 को गायब हुए एयरफोर्स के एंटोनोव एएन-32 विमान का मलबा बंगाल की खाड़ी में मिला है। मंत्रालय ने बताया था कि बीते दिनों समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान ने रिमोट कंट्रोल से चलने वाले अंडरवाटर व्हीकल को बंगाल की खाड़ी में जांच के लिए उतारा था।

## 15 मार्च से पहले मालदीव छोड़कर निकले भारतीय सेना

- चीन से लौटे मुइज्जू के बिगड़े तेवर

**नई दिल्ली.** चीन से लौटकर अपने देश पहुंचे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के तेवर भारत के खिलाफ लगातार बिगड़े हुए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी के बाद चल रहे राजनयिक विवाद के बीच मुइज्जू सरकार ने भारतीय सेना का लेकर पुराना राग फिर छेड़ा है। मुइज्जू ने भारत से अपनी सेना को वापस भेजने का नया प्रस्ताव भेजा है। नए प्रस्ताव में मालदीव ने भारत को 15 मार्च तक का समय दिया है।




चीन में अपने आका शी जिनपिंग से मुलाकात कर अपने देश लौटे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत के खिलाफ नई साजिश रच ली। राजनयिक विवाद के बीच मुइज्जू सरकार ने नया रार छेड़ते हुए भारत सरकार से कहा है कि वे अपनी सेना 15 मार्च से पहले बुला लें।

बता दें कि मालदीव राष्ट्रपति चुनाव के दौरान से मुइज्जू और उनकी पार्टी पीएनसी ने भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाया था। मुइज्जू लगातार अपने कैंपेन में भारतीय सेना का दुष्प्रचार करने और भारत पर हमला बोल रहे थे। चुनाव के वक्त ही मुइज्जू ने कसम खाई थी कि वे मालदीव में सरकार बनाते ही सबसे पहले विदेशी सेना को अपने देश से बाहर करेंगे।

### मालदीव सरकार के अनुरोध पर ही रह रही भारतीय सेना

बता दें कि मुइज्जू से पहले पिछली मालदीव सरकार के अनुरोध पर, कई वर्षों से मालदीव में भारत की छोटी सैन्य उपस्थित है। इसे मुख्य रूप से समुद्री सुरक्षा और आपदा राहत में सहायता के लिए तैनात किया गया है।

नवंबर में जारी एक बयान में, मालदीव के राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कि उनका देश ₹उम्मीद करता है कि भारत लोगों की लोकतांत्रिक इच्छा का सम्मान करेगा₹।

बयान में कहा गया, ₹राष्ट्रपति ने कहा कि सितंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव में मालदीव के लोगों ने उन्हें भारत से अनुरोध करने के लिए मजबूत जनादेश दिया था और उम्मीद जताई कि भारत मालदीव के लोगों की लोकतांत्रिक इच्छा का सम्मान करेगा।₹ . हालांकि, मालदीव सरकार ने सैनिकों को वापस बुलाने के लिए कोई समय सीमा प्रस्तावित नहीं की थी लेकिन, इस बार मुइज्जू सरकार ने भारतीय सेना को बाहर करने की समय सीमा भी निर्धारित कर दी है।

### आम सूचना

मैं श्रीमती रेखा मनोहरलाल पहुजा सभी को सूचित कर रही हूं कि आफिस नं. 19, 2रा माला, गांधी मार्केट, रुम नं. 12, बैरक नं. 448-ए, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय016636800) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनोहरलाल हुकूमल पहुजा के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 20.8.2016 सी.नं. 1828/2016 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती रेखा मनोहरलाल पहुजा

### आम सूचना

मैं श्रीमती रेखा मनोहरलाल पहुजा सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 402, चौथा माला, विनोद अपार्टमेंट, बैरक नं. 470, नेहरू चौक, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय016745400) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनोहरलाल हुकूमल पहुजा के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 20.8.2016 सी.नं. 1829/2016 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती रेखा मनोहरलाल पहुजा

### आम सूचना

हम श्री योगेश दिनकर पाटील व श्री भूषण दिनकर पाटील सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, बैरक नं. 119 के पास, यू.नं. 27, शीट नं. 91, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 05एओ014349700) उक्त प्रॉपर्टी मैंने श्री विपुल कालिदास ढोलकिया व श्री मयूर कालिदास ढोलकिया के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 10.1.2024 सी.नं.211/2024 द्वारा हमें खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री योगेश दिनकर पाटील
व श्री भूषण दिनकर पाटील

**संक्षेप...**

### सड़क हादसे में छात्र और बच्ची घायल

**नवी मुंबई.** पनवेल क्षेत्र में 2 अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक 9 साल की बच्ची और 14 साल के छात्र के घायल होने की घटना प्रकाश में आई है. पहली घटना नवीन पनवेल में हुई, जहां पर 8 वीं कक्षा में पढ़ने वाला 14 साल का रितेश मुंडे हमेशा की तरह कराटे क्लास के लिए पैदल जा रहा था, तभी तेज रफ्तार से बाइक चला रहे व्यक्ति ने उसे अपनी बाइक से टक्कर मार दी. वहीं दूसरी घटना में जेएनपीटी-पनवेल सर्विस रोड पर हुई, जहां पर 9 साल की रेशमा कातकरी नामक लड़की कचरा बीनने के बाद जब उक्त रोड को पार कर रही थी, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी.

# मिलिंद देवड़ा कांग्रेस छोड़ शिवसेना में शामिल

- एकनाथ शिंदे ने सदस्यता दिलाई
- जयराम रमेश बोले- इस्तीफे की टाइमिंग मोदी ने तय की

**मुंबई.** राहुल गांधी की न्याय यात्रा से पहले रविवार 14 जनवरी को मिलिंद देवड़ा ने शिवसेना (शिंदे गुट) जॉइन कर ली। मिलिंद, दिग्गज कांग्रेसी नेता रहे मुरली देवड़ा के बेटे हैं। मिलिंद ने इस्तीफे की जानकारी सोशल मीडिया पर दी थी।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- आज मेरे राजनीतिक सफर का एक महत्वपूर्ण अध्याय खत्म हुआ। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ पार्टी के साथ मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता खत्म हो गया। शनिवार को जब मिलिंद के पार्टी छोड़ने की खबर मीडिया में आई तो उन्होंने कहा था कि वे ऐसा कुछ नहीं कर रहे।

मिलिंद देवड़ा के पार्टी छोड़ने पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि इस्तीफे की टाइमिंग पीएम मोदी ने तय की है। उनके पिता मुरली देवड़ा कांग्रेस के बड़े नेता थे। उनकी दोस्ती सभी पार्टियों से थी, लेकिन वे कांग्रेस के अटल और दृढ़ नेता थे।

मिलिंद देवड़ा महाराष्ट्र कांग्रेस के सीनियर लीडर रहे मुरली देवड़ा



के बेटे हैं। मुरली देवड़ा केंद्र सरकार में मंत्री रहे थे। मुंबई दक्षिण सीट से हमेशा से ही कांग्रेस जीतती आई है और देवड़ा परिवार कई साल से इस संसदीय क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। लेकिन इस सीट से सांसद उद्धव गुट के नेता अरविंद सावंत हैं। सावंत इस सीट से दो बार चुने जा चुके हैं। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A में सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा हो रही है। इस गठबंधन में उद्धव गुट की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) भी शामिल है। उनके नेता अरविंद सावंत दो बार इस सीट को जीत चुके हैं। ऐसे में उद्धव कांग्रेस को ये सीट नहीं देना चाह रहे थे। रणनीतिकारों का मानना है कि गठबंधन की वजह से मिलिंद देवड़ा को कांग्रेस से टिकट नहीं मिलेगा।

शुक्रवार 12 जनवरी को गरवारे क्लब और मुंबई कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठकें हुईं थीं। देवड़ा ने इन दोनों मीटिंग में नहीं गए थे। पार्टी के कई नेताओं ने उनसे संपर्क कर बैठक में शामिल होने को कहा, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। तब से ही अटकलें थीं कि वे कांग्रेस छोड़ सकते हैं।

**इस्तीफे के बाद सिद्धिविनायक में दर्शन करने पहुंचे मिलिंद**

कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद मिलिंद सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**जयराम रमेश बोले- राहुल गांधी से बात करना चाहते थे मिलिंद**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने न्यूज एजेंसी **PTI** को बताया- देवड़ा ने शुक्रवार को मुझसे फोन पर बात की थी और अनुरोध किया था कि वह दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (**UBT**) के दावे पर राहुल गांधी से बात करना चाहते हैं। मिलिंद देवड़ा और उनके पिता मुरली देवड़ा दोनों मुंबई दक्षिण से सांसद रह चुके हैं। मिलिंद देवड़ा ने मुझे शुक्रवार सुबह 8:52 बजे मैसेज किया और फिर दोपहर 2:47 बजे मैंने जवाब दिया- क्या आप स्विच करने की योजना बना रहे हैं? 2:48 बजे उनका मैसेज आया- क्या आपसे बात करना संभव नहीं है? मैंने कहा कि मैं आपको फोन करूंगा और 3:40 पर मैंने उनसे बात की।

**पालघर साधु हत्याकांड**

## साधुओं के परिवारों को CM ने 5-5 लाख रु.की मदद दी



**वसई.** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना की ओर से पालघर साधु हत्याकांड में मृत साधुओं के परिवारों को शनिवार को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी। विरार पश्चिम में आयोजित शिवसेना कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री साधुओं के परिवारों से मुलाकात की। प्रदेश के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद पहली बार वसई विरार में शिवसेना कार्यकर्ताओं की बैठक ली। शिवसेना को मान्यता मिलने से कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था। इस मौके पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि 'घर ही शिवसेना और गांव ही शिव सेना' की घोषणा देकर कार्यकर्ताओं से काम पर लगाने की अपील की।

गौरतलब है कि पालघर के गड़चिंचले गांव में 16 अप्रैल 2020 की रात को हुई वारदात के वीडियो ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। घटना के एक वीडियो में 65 वर्षीय महंत भीड़ से अपनी जान बचाने के लिए पुलिस का हाथ थामे चल रहे थे,लेकिन पुलिसकर्मी ने इनका हाथ छुड़वाकर कथित रूप से उन्हें भीड़ को सौंप दिया। इसके बाद इस भीड़ ने जूना अखाड़े के दो साधुओं महंत सुशील गिरी महाराज (35 वर्ष), 65 वर्षीय महंत महाराज कल्पवृक्ष गिरी और 30 वर्षीय ड्राइवर निलेश तेलगडे की पीट-पीटकर हत्या कर दी।

## नवी मुंबई हवाई अड्डा 31 मार्च 2025 तक शुरू होने की उम्मीद

**केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जायजा**

- 2018 में शुरू हुई थी परियोजना

**नवी मुंबई.** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नवी मुंबई में बन रहे नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का जायजा लिया. इस मौके पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सिर्फ मुंबई या महाराष्ट्र के लिए एक बुनियादी ढांचा परियोजना नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के लिए गौरव की परियोजना है. वह नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास का जायजा लेने के लिए आज नवी मुंबई में थे. इस अवसर पर मंत्री ने मीडिया को परियोजना की स्थिति के बारे में जानकारी दी.

इस मौके पर उड्डयन मंत्री ने कहा कि अठारह हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना से मुंबई की कनेक्टिविटी को काफी फायदा होगा और इसे 5 चरणों में लागू किया जाएगा. भौतिक एवं वित्तीय प्रगति 55-60 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुकी है. परियोजना 2018 में शुरू हुई और वाणिज्यिक परिचालन 31 मार्च 2025 तक शुरू होने की उम्मीद है. पहले और दूसरे चरण में एक रनवे, एक टर्मिनल और दो करोड़ की यात्री क्षमता बनाई जाएगी. चरण 3, 4 और 5 में दूसरा रनवे, चार टर्मिनल के साथ नौ करोड़ की बढ़ी हुई यात्री क्षमता बनाई जाएगी. नवी मुंबई



अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में सड़क, रेल और मेट्रो कनेक्टिविटी के साथ भविष्य में जल कनेक्टिविटी की भी योजना होगी.

**बनाया जा रहा सौ फीसदी ग्रीन एयरपोर्ट**

इसके अलावा मंत्री ने बताया कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का पहला हवाई अड्डा होगा, जिसमें शहर की तरफ और हवाईअड्डे पर दस किलोमीटर तक 1600 हेक्टेयर के भीतर स्वचालित यात्री आवाजाही होगी. पहले चरण में सौ फीसदी ग्रीन एयरपोर्ट बनाया जा रहा है. उम्मीद है कि हवाई अड्डे से देश में हवाई यातायात में वृद्धि होगी. सरकार का लक्ष्य 2030 तक देश में घरेलू यात्री यातायात को मौजूदा 15 करोड़ से दोगुना कर 30 करोड़ करना है. अगले छह वर्षों में देश में 200 से अधिक हवाई अड्डे बनाने का भी संकल्प है. इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने परियोजना को तय समय सीमा के अनुसार पूरा करने में मदद के आश्वासन के लिए राज्य सरकार और सिडको को धन्यवाद भी दिया.

## केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल ने की श्री नित्यानंद समाधि मंदिर की सफाई




उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** क्षेत्र में मंदिरों को साफ करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद, केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने गणेशपुरी में श्री नित्यानंद समाधि मंदिर की सफाई की. केंद्रीय मंत्री के साथ इस अभियान में शिवसेना विधायक शांताराम मोरे भी शामिल हुए. केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने गणेशपुरी स्थित नित्यानंद समाधि मंदिर में श्री नित्यानंद बाबा की कर्पूर आरती की और भावविभोर होकर दर्शन किये , इसके बाद मंदिर क्षेत्र की सफाई की गई. इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में काफी उत्साह का माहौल दिखाई पड़ा. हिंदू धर्म के गौरव प्रभु श्री राम मंदिर का उद्घाटन अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहा है. उस अवसर पर कपिल पाटिल ने सभी भक्तों से श्री राम ज्योति जलाने की अपील की.

## सत्यम बार में ग्राहक की बुरी तरह पिटाई

- कोलसेवाड़ी पुलिस में वेटरों पर मामला दर्ज

उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** कोलसेवाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र के खडेगोलवली में सत्यम आर्केस्ट्रा बार के कर्मचारियों ने एक ग्राहक की जमकर पिटाई की, जिसमें 31 वर्षीय रोहित दयाराम कनोजिया बुरी तरह घायल हो गया है। साथ ही रोहित के दोस्तों की भी पिटाई हुई है। कोलसेवाड़ी पुलिस के अनुसार रोहित अपने मित्र के साथ सत्यम आर्केस्ट्रा बार में शराब पीने के लिए गया था, लेकिन बार में टेबल खाली नहीं था। इसी बात को लेकर रोहित और बार कर्मचारियों में बहस हुई। उसके बाद बार के वेटर गिरीश अन्ना, सत्या व उसके चार अन्य साथियों ने मिलकर रोहित और उसके दोस्तों की पिटाई कर दी। बताया जाता है कि सत्यम आर्केस्ट्रा बार के वेटरों ने सीएनजी पेट्रोल पंप तक दौड़ा-दौड़ा कर लात-घूंसा एवं डंडे व सरिया से खूब पिटाई की। मारपीट की इस घटना में रोहित के सिर में चार टाके लगे हैं। जबकि दाएं पैर की हड्डी भी फ्रैक्चर हो गई है। इतना ही नहीं वेटरों ने रोहित के दोस्त राकेश गुप्ता की भी जमके पिटाई की। इस घटना में कोलसेवाड़ी पुलिस ने बार के वेटरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। उल्लेखनीय है कि सत्यम बार कोलसेवाडी पुलिस थाने से कुछ ही दूरी पर है, इसके बावजूद बार के कर्मचारियों की गुंडागर्दी का मामला उजागर हुआ है।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह

**21 जनवरी को डोंबिवली में निकलेगी भव्य शोभायात्रा**

**कल्याण.** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर करोड़ो राम भक्तों की उत्सुकता शिखर पर पहुंच गई है। केवल अयोध्या ही नहीं बल्कि देश के तमाम हिस्सों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई जा रही। इसी कड़ी में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पूर्व रविवार 21 जनवरी को सकल हिंदू समाज, डोंबिवली के द्वारा श्री राम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। रविवार को प्रेसवार्ता के दौरान इस आशय की जानकारी देते हुए शोभायात्रा के संयोजक मदन गुप्ता और वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि 500 साल बाद हमारे भगवान राम अयोध्या में पधार रहे हैं, इसलिए




उनकी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में डोंबिवली के जिमखाना से मंजूनाथ विद्यालय होते हुए तिलक चौक, इंदिरा चौक, फड़के रोड़ से होकर गणेश मंदिर पर शोभायात्रा का समापन होगा। पत्रकार परिषद में विनोद सिंह, शामप्रकाश सिंह, शिवशंकर सिंह, डा.हेमंत मिश्रा, राजन पांडेय, दिनेश दुबे, शिवकुमार मिश्रा, धर्मेंद्र तिवारी, रागिनी सिंह, शशि तिवारी, विनीता मिश्रा एवं शिवकुमार दुबे सहित सकल हिंदू समाज संस्था के सहयोगी सदस्य मौजूद थे। इस दौरान शोभायात्रा के संयोजक मदन गुप्ता एवं विशेष सहयोगी वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में डोंबिवली शहर पीछे ना रह जाए, इस मकसद से शोभायात्रा निकाली जा रही है।

## मुंबई में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 10 लोग गिरफ्तार



**मुंबई.** मुंबई पुलिस ने यहां अंधेरी में एक अवैध कॉल सेंटर पर छापेमारी की और अमेरिकी नागरिकों को दवाओं की बिक्री के नाम पर कथित रूप से ठगने के लिए 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, अपराध शाखा ने शनिवार को अंधेरी में 'समिट बिजनेस बे' नाम की कंपनी के परिसर में छापेमारी की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि जालसाज वीओआईपी कॉलिंग के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को कथित तौर पर निशाना बनाते थे और खुद को ऑनलाइन दवा कंपनी का प्रतिनिधि बनाते थे।

उन्होंने बताया कि आरोपी, पीड़ितों से दवाओं का ऑर्डर लेते थे लेकिन उन्हें दवा नहीं पहुंचाते थे। अमेरिकी नागरिक इन आरोपियों को डॉलर में भुगतान किया करते थे। अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने छापेमारी के दौरान बिजली उपकरणों को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि धोखाधड़ी की सीमा का पता लगाने के लिए मामले की जांच की जा रही है।

## 12वीं फेल एक्ट्रेस मेधा शंकर ने खोला राज

12th फेल फेम एक्ट्रेस मेधा शंकर को इस फिल्म के लिए बहुत सराहना मिली है। उनके किरदार में दिखाई गई शालीनता लोगों को खूब पसंद आई। फिल्म के ओटीटी पर रिलीज होने के बाद से मेधा शंकर रातों-रात सोशल मीडिया पर छा गईं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में मेधा ने बताया कि वो रणबीर कपूर के साथ काम करना चाहती हैं। 12th फेल में मेधा ने श्रद्धा का किरदार निभाया है। इन दिनों उन्हें नेशनल क्रश माना जा रहा है।

मेधा शंकर से पूछा गया कि वो किस बॉलीवुड एक्टर के साथ काम करना पसंद करेंगी, तो उन्होंने तुरंत रणबीर कपूर का नाम लिया। इसके अलावा एक्ट्रेस ने बताया कि किस तरह उन्हें एक्टिंग में करियर बनाने के लिए अपने पिता को मनाना पड़ा।



उन्होंने बताया कि पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने वाले एक मिडिल क्लास परिवार से आने के बाद, एक्ट्रेस बनने के बारे में सोचना उनके पिता के लिए एक बड़ा झटका था।

मेधा ने बताया कि जब पहली बार मैंने पापा से इस बारे में बात की तो उन्होंने मुझसे पूछा तुमने अपना दिमाग खो दिया है क्या?

एक्ट्रेस ने कहा कि उनके पिता को लगता है कि एक्टिंग उन लोगों के लिए है। जो लोग पढ़ाई में बेहतर नहीं कर पाते हैं। हालांकि, मेधा पढ़ाई में मास्टर डिग्री पूरी कर चुकी थीं। इसी के चलते उन्होंने अपने पिता से एक्टिंग में ट्राई करने के लिए 2 साल का समय मांगा। उन दो सालों में कुछ अच्छा नहीं हुआ। अब एक्ट्रेस के पिता उन्हें कुछ और करने के लिए कह रहे थे। मेधा ने फिर अपने पिता से दो वर्ष का समय मांगा। इस विश्वास के साथ कि इस बार वो मुंबई आकर अपना सपना पूरा करेंगी।

## मुंबई की सड़कों पर लौटेंगे क्लीनअप मार्शल!

- गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ लेंगे ऐक्शन

**मुंबई.** राष्ट्रीय स्तर पर सफाई में पिछड़ने के बाद बीएमसी ने सार्वजनिक जगहों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ ऐक्शन के लिए क्लीनअप मार्शल की तैनाती जल्द से जल्द करने का फैसला किया है। बीएमसी फरवरी से मुंबई की सड़कों पर क्लीनअप मार्शल तैनात करने की योजना बना रही है। बीएमसी के उपायुक्त (कचरा) संजोग कबरे के अनुसार मुंबई की सड़कों, चौक और महत्वपूर्ण स्थानों पर 720 क्लीनअप मार्शल तैनात करने की योजना है। बीएमसी ने सभी 24 वॉर्ड में से प्रत्येक में 30 से 35 क्लीन अप मार्शल नियुक्त करने की योजना बनाई है। क्लीनअप मार्शल द्वारा लगाए गए जुर्माने की 50 प्रतिशत राशि




कॉन्ट्रैक्टर को, जबकि 50 प्रतिशत राशि बीएमसी को मिलेगी।

कबरे के अनुसार क्लीनअप मार्शल को तैनाती के दौरान एक ड्रेस दिया जाएगा, जिस पर उनकी पूरी आइडेंटिटी के साथ उनका नंबर, नेम प्लेट भी नाम होगा। यदि कोई शिकायत करना चाहे, तो ड्रेस में पीछे एक नंबर भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्लीन अप मार्शल का सिर्फ पुलिस वेरिफिकेशन करना बाकी है। बीएमसी ने नियुक्ति से पहले उनकी शैक्षिक योग्यता के साथ पुलिस वेरिफिकेशन भी अनिवार्य किया है। कबरे ने उम्मीद जताई कि जल्द ही यह काम पूरा हो जाएगा, जिसके बाद कमिश्नर मार्शल को सड़कों पर तैनात करने की अनुमति दे देंगे।

**कितना वसूलेंगे जुर्माना**

यह मार्शल सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों से 200 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक दंड वसूलेंगे। यह दंड कैश न होकर ऑनलाइन पेमेंट होगा। इसके लिए प्रत्येक मार्शल को स्कैनर उपलब्ध कराया जाएगा। हालांकि, जुर्माने की राशि यदि कोई कैश देना चाहेगा, तो मार्शल उसे भी स्वीकार कर सकेंगे।

इससे पहले बीएमसी ने दिसंबर, 2023 में क्लीन अप मार्शल सड़कों पर तैनात करने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण मार्शल तैनात नहीं हो सके थे। कोरोना संकट के दौरान 20 अप्रैल, 2020 से क्लीनअप मार्शल तैनात किए गए थे। <कोरोना नियंत्रण के बाद बीएमसी ने मार्च, 2022 से क्लीनअप मार्शल की सेवाएं समाप्त कर दी थी। इस दौरान क्लीनअप मार्शल, रेलवे और मुंबई पुलिस ने मिलकर सड़कों पर थूकने वालों और गंदगी फैलाने वालों से संयुक्त रूप से 90 करोड़ रुपये से अधिक वसूल किया था। बीएमसी उपायुक्त ने बताया कि सभी 24 वॉर्डों में क्लीनअप मार्शल को गंदगी फैलाने वालों से 100 रुपये, 200 रुपये, 500 रुपये और 1000 रुपये तक जुर्माना वसूलने का अधिकार होगा।

## नाबालिग से रेप के आरोपी को हाई कोर्ट ने दी जमानत

**मुंबई.** बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने 26 साल के एक रेप के आरोपी को यह कहते हुए जमानत दे दी यह मामला प्रेम का था ना कि वासना का। आरोपी पर 13 साल की लड़की से रेप करने का आरोप है। जस्टिस उर्मिला जोशी फाल्के ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसा नहीं लगता कि यह मामला Lust का नहीं लगता है। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच अफेयर था और यह मामला प्रेम का लगता है ना कि वासना का। आरोपी का नाम नितिन ढाबेराव है जिसके खिलाफ पीड़िता ने केस दर्ज करवाया था। शिकायत में कहा गया था कि 23 अगस्त को 13 साल की लड़की घर से किताब लेने के लिए बाहर निकली थी



लेकिन वह वापस नहीं आई। इसके बाद पिता ने गुमशुदगी का केस दर्ज करवाया। नाबालिग ने बताया था कि उसके पड़ोस में ही रहने वाले नितिन ने उसे प्रपोज किया था। इसके बाद उन दोनों के बीच करीबी बढ़ी। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि नितिन ने उससे शादी का वादा किया था। इसके बाद नाबालिग ने अपने घर से गहने और कैश लिए और नितिन के साथ रहने चली गई। वे दोनों अपने घरों से दूर राज्य में अलग-अलग जगहों पर रहे। बाद में जब नाबालिग का पता चला तो पुलिस ने उसका बयान दर्ज किया। पीड़िता के बयान के आधार पर ही पुलिस ने पॉक्सो ऐक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

आरोपी के वकील का कहना था कि पीड़िता अपनी मर्जी से नितिन के साथ गई थी और दोनों प्यार में थे। वहीं नाबालिग की तरफ से वकील ने कहा कि लड़की नाबालिग थी ऐसे में उसकी सहमति मायने नहीं रखती। सुनवाई के दौरान जस्टिस उर्मिला जोशी फाल्के ने कहा कि अगर बात योग्यता की है तो वास्तव में नाबालिग की सहमति मायने नहीं रखती। लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दोनों के बीच प्रेम संबंध था।

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
21Lakhs THANK YOU Viewer's
21,00,000
उल्हास वि NEWS
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099